पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि प्रबन्ध समिति की बैठक सम्पन्न

लखनऊ : 22 **मार्च**, 2025

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज राजभवन में उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि प्रबंधन समिति की **51**वीं बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समिति ने राज्यपाल जी से विभिन्न **09** मदों पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में **50**वीं बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की रिपोर्ट, वित्तीय वर्ष **2025-26** के बजट के स्वीकृति, निधि मुख्यालय तथा अटारी प्रक्षेत्र के वित्तीय वर्ष **2023-24** के लाभ हानि खातों एवं बैलेंस शीट के अनुमोदन, विभिन्न श्रेणी के पदों पर कर्मचारियों की नियुक्ति, उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि में सी**0**पी**0**एफ**0** व्यवस्था आदि पर चर्चा की गई।

राज्यपाल जी ने बैठक में टेक्सटाइल पार्क की परियोजना के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग से परियोजना में पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को सेवायोजन में प्राथमिकता व आरक्षण तथा प्रशिक्षण प्रदान किये जाएं। उन्होंने कहा कि गुजरात के सूरत के डायमंड टेक्सटाइल पार्क का अवलोकन कर उसके तर्ज पर परियोजना का निर्माण करें।

उन्होंने उ**0**प्र**0** सैनिक पुनर्वास निधि की टी**0**सी**0**एल**0** कालोनी, सरोजनीनगर, लखनऊ की भूमि का सीमांकन व भूमि की कीमत का मूल्यांकन कराने के निर्देश दिये।

इसके साथ-साथ उन्होंने अतिरिक्त सैनिक स्कूल खोलने, हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध कराने व ग्राम गहरू की भूमि के सीमांकन एवं सरहदबंदी करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने अदालत में श्रम संबंधी व अन्य विभिन्न लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश के साथ-साथ उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि में सी**0**पी**0**एफ व्यवस्था लागू किये जाने की अधिसूचना के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

इस अवसर पर बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल, डॉ**0** सुधीर महादेव बोबडे, प्रमुख सचिव समाज, कल्याण श्री वेंकटेश्वर लू, विशेष सचिव वित्त श्री संजीव सिंह, जिलाधिकारी लखनऊ श्री विशाख जी अय्यर, लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा, मेजर जनरल सलिल सेठ, ब्रिगेडियर अतुल कुमार सहित समिति के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे

सम्पर्क सूत्र
दिलशाद अहमद,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो**0-9696185895**